**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**31.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रदेश मंत्रिमंडल ने गृह रक्षकों के 7 सौ पद भरने को दी मंजूरी– दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूरा करने वाले पंचायत सचिव होंगे नियमित।
- केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कालाअंब में 30 बिस्तरों वाले ई.एस.आई.सी. अस्पताल का किया उद्घाटन।
- लोक माता अहिल्याबाई होलकर की तीन सौवीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में लगभग साढ़े पांच सौ कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार पर विमल नेगी मौत मामले में दोषियों को बचाने का लगाया आरोप।
- शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव कल से।

## मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने गृह रक्षकों के सात सौ पद भरने को मंजूरी दी है। शिमला में आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। इसके अलावा इस वर्ष 31 मार्च तक दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूरा करने वाले पंचायत सचिवों की सेवाएं नियमित करने का निर्णय भी लिया गया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पत्रकारों को मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि रेरा के कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में दिसम्बर में होने वाले पंचायतीराज चुनावों में नए सिरे से आरक्षण रोस्टर लागू करने को भी मंजूरी दी गई।

## मनसुख मांडविया

केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज सिरमौर ज़िले के कालाअंब में 30 बिस्तरों वाले ई.एस.आई.सी. अस्पताल का उद्घाटन किया। इसके निर्माण पर लगभग सौ करोड़ रुपये की लागत आई है। मांडविया ने कहा कि इस अस्पताल के माध्यम से एक लाख से अधिक लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में इसे सौ बिस्तरों वाले अस्पाल के रूप में विकसित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार ने कई क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं और करोड़ों लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है।

सांसद सुरेश कश्यप और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी इस मौके मौजूद रहे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी

प्रदेश की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग की नई पहलों को प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने आज कुल्लू में एक बैठक में बताया कि मतदाताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए एक मतदान केंद्र पर अधिकतम एक हजार दो सौ मतदाताओं की संख्या तय की गई है। बहुमंजिला इमारतों और घनी कलौनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

## अहिल्याबाई होलकर

पुण्य श्लोक लोक माता अहिल्याबाई होलकर की तीन सौवीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा 21 से 31 मई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज पालमपुर में समापन समारोह में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि पुण्य श्लोक लोक माता अहिल्याबाई होलकर ने समाज सुधारों पर विशेष ध्यान दिया और विधवाओं के उत्थान के लिए अहम कदम उठाए। वंदना योगी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा।

## रणधीर शर्मा

भाजपा प्रवक्ता और विधायक रणधीर शर्मा ने राज्य सरकार पर राज्य ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता दिवंगत विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले में राज्य सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। बिलासपुर में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि जब से विमल नेगी लापता हुए, तब से ही राज्य सरकार की कार्य प्रणाली शक के दायरे में रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि यदि सरकार इस मामले की निष्पक्षता से जांच कराना चाहती है तो साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न कर सीबीआई को पूरा सहयोग करें।

## अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्समव

शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव कल से शुरू हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वे ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करेंगे।

इस बीच राज्य परिवहन निगम द्वारा लोगों की सुविधा के लिए ग्रीष्मोत्सव के दौरान शिमला शहर में रात 11 बजे तक बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दिन 5 जून को रात साढ़े 12 बजे तक बस सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ये बसें न्यू शिमला, मैहली, संजौली, टुटू और हीरानगर के लिए चलाई जाएंगी।

## विश्व तंबाकू दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। इस मौके पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। हमीरपुर में स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकाली और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया। इस मौके पर लोगों को तंबाकू का सेवन न करने का आहवान किया गया।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सिरमौर ज़िले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण पर लगभग एक सौ करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने आज पच्छाद उत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा और इसके तहत प्रदेश में लगभग एक हजार 5 सौ किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा। लोक निर्माण मंत्री ने उत्सव में भाग लेने वाली विभिन्न खेल स्पर्धाओं की विजेता टीमों को पुरस्कार भी बांटे।

## डस्टबिन

राज्य सरकार ने प्रदेश में सभी व्यवसायिक वाहनों में कूड़ादान रखना अनिवार्य किया है। इसे लेकर अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। सोलन में आज मोटर वाहन निरीक्षक जतिन मेहता ने गाड़ियों की पासिंग के दौरान वाहन चालकों से गाड़ियों में डस्टबिन रखने को कहा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के आदेश पर सभी व्यवसायिक वाहनों में कूड़ादान रखना ज़रूरी है, अन्यथा चालान काटा जाएगा।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश मंत्रिमंडल ने गृह रक्षकों के 7 सौ पद भरने को दी मंजूरी— दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूरा करने वाले पंचायत सचिव होंगे नियमित।
- केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कालाअंब में 30 बिस्तरों वाले ई.एस.आई.सी. अस्पताल का किया उद्घाटन।
- लोक माता अहिल्याबाई होलकर की तीन सौवीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में लगभग साढ़े पांच सौ कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार पर विमल नेगी मौत मामले में दोषियों को बचाने का लगाया आरोप।
- शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव कल से।

———————————————————